अधिसूचना संख्या :8

**स्पाइसेस बोर्ड**

(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
सुगंध भवन ,एन एच बै-पास, पी बी नं:2277
पालारिवट्टम पी ओ.,कोचिन - 682025
वेबसाइट :http://www.indianspices.com/

निम्नलिखित पदों के लिए अपाहिज व्यक्तियों (पी डब्लयू डी) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:
**नोट: "सरकार एक ऐसे कार्यबल की भरसक कोशिश करती है जो लिंग-संतुलन प्रतिबिंबित करता है और महिला उम्मीदवारों को आवेदन हेतु प्रोत्साहित करता है ।"**

**वैज्ञानिक बी (रसायन विज्ञान)**

| | |
|---|---|
| पद की संख्या | **1[एक]** |
| श्रेणी | अन्य पिछड़े वर्ग (एच एच) |
| **योग्यताएँ** | |
| अनिवार्य | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से 10 में न्यूनतम 7 ओ जी पी ए या 70% अंक के साथ रसायन विज्ञान (सैद्धान्तिक रसायन विज्ञान/अनुप्रयुक्त रसायन विज्ञान/ विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान/जैव रसायन विज्ञान/नैच्युरल प्रोडक्ट रसायन विज्ञान) में स्नातकोत्तर डिग्री |
| वांछनीय | रसायन विज्ञान के उपरोक्त किसी भी विद्याशाखा में डाक्टरी डिग्री<br>**या**<br>कृषीय उत्पादों के गुण नियंत्रण के क्षेत्र में तीन साल का अनुसंधान अनुभव। |
| तैनाती का स्थान | भारत में कहीं भी |
| आयु | 01 अक्तूबर 2015 को 35 वर्ष से अधिक न हो। एच एच उम्मीदवारों को उच्च आयु सीमा में नियमानुसार ढ़ील लागू होगी। |
| वेतनमान | पी बी 3 रु. 15600-39100 + जी पी रु.5400 |

**2.वरिष्ठ लिपिक**

| | |
|---|---|
| पद की संख्या | **3 (तीन)** |
| श्रेणी | अनारक्षित (एच एच, ओ एच, वी एच) |
| **योग्यताएँ** | |
| अनिवार्य | **1.** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी की डिग्री |
| | **2.** वेर्ड प्रोसेसिंग ,स्प्रेड शीट जैसे ऑफिस प्रोडक्टिविटी सॉफ्टवेयर से परिचित |
| तैनाती का स्थान | भारत में कहीं भी |

| | |
|---|---|
| आयु | 01 अक्तूबर 2015 को 30 वर्ष से अधिक न हो। उच्च आयु सीमा में नियमानुसार ढ़ील लागू होगी। |
| वेतनमान | पी बी-1: रु.5200-20200 + जी पी रु.2400 |

3. **<u>वरिष्ठ सूक्ष्मजीवविज्ञानी</u>**

| | |
|---|---|
| पद की संख्या | **2 (दो)** |
| श्रेणी | अनारक्षित (एच एच) |
| **योग्यताएँ** | |
| अनिवार्य | 1. मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से 10 में न्यूनतम 6 ओ जी पी ए या 60% अंक के साथ सूक्ष्मजीव विज्ञान में डिग्री |
| | 2. गुणवत्ता नियंत्रण में प्रयोगशाला विश्लेषणात्मक प्रक्रिया में पाँच साल का अनुभव |
| तैनाती का स्थान | भारत में कहीं भी |
| आयु | 01 अक्तूबर 2015 को 30 वर्ष से अधिक न हो। उच्च आयु सीमा में नियमानुसार ढ़ील लागू होगी। |
| वेतनमान | पी बी-1: रु.5200-20200 + जी पी रु.2400 |

**<u>4. कनिष्ठ लिपिक</u>**

| | |
|---|---|
| पद की संख्या | **2 (दो)** |
| श्रेणी | 1-अनारक्षित (एच एच), 1- अन्य पिछड़े वर्ग (वी एच) |
| **योग्यताएँ** | |
| अनिवार्य | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी की डिग्री |
| | कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी और विंडोज़/लिनक्स ऑपेरेटिंग सिस्टम, वेर्ड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रोनिक वर्कशीट, इ-मेइल आदि में कार्यसाधक ज्ञान सहित कंप्यूटर साक्षर हो । |
| तैनाती का स्थान | भारत में कहीं भी |
| आयु | 01 अक्तूबर 2015 को 30 वर्ष से अधिक न हो। उच्च आयु सीमा में नियमानुसार ढ़ील लागू होगी। |
| वेतन मान | पी बी-1: रु.5200-20200+ जी पी रु.1900 |

**आवेदन शुल्क और भुगतान का तरीका** : अपंगतावले उम्मीदवारों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**चयन का तरीका**

*वरिष्ठ लिपिक, वरिष्ठ सूक्ष्मजीवविज्ञानी तथा कनिष्ठ लिपिक -*

बहु चरणों में चलाई जानेवाली परीक्षाओं के ज़रिए चयन किया जाएगा । {वस्तुनिष्ठ परीक्षा (एम सी क्यू) एवं/या निबंधात्मक तरीके जिसके बाद संघ चर्चाएँ और/अथवा प्रस्तुतियां }

व्यावहारिक परीक्षाएँ भी चलाई जाएंगी, जहां कहीं अनिवार्य मानित हो ।

*वैज्ञानिक बी (रसायन विज्ञान)*

बहु चरणों में चलाई जानेवाली परीक्षाओं के ज़रिए चयन किया जाएगा । {वस्तुनिष्ठ परीक्षा (एम सी क्यू) एवं/या निबंधात्मक तरीके जिसके बाद संघ चर्चाएँ और/अथवा प्रस्तुतियां और/अथवा साक्षात्कार}। व्यावहारिक परीक्षाएं भी चलाई जाएंगी।

**आयु में ढील निम्नानुसार होगी :**

अ) अनुसूचित जाति / अनु. जनजाति / अन्य पिछड़े वर्ग / सेवामुक्त सैनिकों / अपंगतावाले उम्मीदवारों केलिए सरकारी नियमों के अनुसार आयु में ढील।

आ) वे सभी उम्मीदवार , जो 01/01/80 से 31/12/89 तक की अवधि के दौरान मूल रूप से जम्मू व कश्मीर के निवासी थे, उच्च आयु सीमा में 5 साल की ढील पाने योग्य हैं ।

**परीक्षा केंद्र**

| | |
|---|---|
| वैज्ञानिक बी (रसायन विज्ञान),वरिष्ठ लिपिक, वरिष्ठ सूक्ष्मजीवविज्ञानी, कनिष्ठ लिपिक | दिल्ली, कोलकोत्ता, चेन्नई, श्रीनगर, जोधपुर, बाराबंकी, गुना, ऊंझा, मुम्बई, हावेरी, ईरोड, गुंटूर, गान्तोक, गुवाहटी |

**आवेदन कैसे करें**

आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है। उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

ऑफलाइन तरीके से आवेदन करने इच्छुक उम्मीदवार आवेदन का निर्धारित प्रपत्र निम्नलिखित लिंक से डाउन्लोड कर सकते हैं:-
http://www.indianspices.com/admin/homeFiles/applicationformat.pdf

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने केलिए वेबलिंक निम्नानुसार है:
http://112.133.204.82/sb_application/

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 30 नवम्बर 2015 है।**

(असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू व कश्मीर राज्य का लद्दाक संभाग, हिमाचल प्रदेश के स्पीती जिला और चंबा जिले का पांगी उप-संभाग, आंन्डमान व निकोबार द्वीप और लक्षद्वीप के निवासी उम्मीदवारों को छोड़कर) आवेदन(नों) की हार्ड कोपी डाक द्वारा स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2015 है।

असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू व कश्मीर राज्य का लद्दाक संभाग, हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले का स्पीती जिला और पांगी उप-संभाग, आंन्डमान व निकोबार

द्वीप और लक्षद्वीप के उम्मीदवारों से आवेदन(नों) की हार्ड कोपी डाक द्वारा स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2015 है।

उम्मीदवार अपना आवेदन (ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण के मामले में उम्मीदवारों द्वारा आवेदन के प्रिंट आउट पर हस्ताक्षर करके) संगत समर्थक दस्तावेज़, डिमांड ड्राफ्ट और जाति प्रमाण पत्र की प्रति लिफाफे में जिसके ऊपर **" ------------------ पद केलिए आवेदन "** लिखकर **' सचिव, स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन ,पालारिवट्टम पी.ओ., कोचिन-682025 ,केरल'** के पते पर भेजें।

***उपरोक्त पदों केलिए भर्ती परीक्षाओं के दिनांक जल्दी सूचित किए जाएंगे।***

**सचिव**

**दिनांक: 15.10.2015**
**कोचिन -25**

टिप्पणी :
अ.जा.-अनुसूचित जाति, अ.ज.जा.-अनुसूचित जनजाति, अ.पि.व -अन्य पिछड़े वर्ग,
अना.- अनारक्षित , पी डब्ल्यू डी - अपंगता वाले व्यक्ति ; ओ एच - चलने-फिरने की निःशक्तता;
वी एच - दृष्टि असमर्थ, एच एच - श्रवण असमर्थ

**<u>उम्मीदवारों केलिए सूचना</u>**

1. बिना समर्थक दस्तावेजों के आवेदनों और निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. आवेदन करने से पूर्व, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे उस पद के पात्रता मानदण्डों को पूरा करते हैं । आवेदक इसकी जांच करें कि पद अनारक्षित है या आरक्षित। आरक्षित रिक्तियों केलिए आवेदन करते हैं तो ये सुनिश्चित करें कि ये पद आवेदक के श्रेणी/समुदाय केलिए उपयुक्त हैं।
3. एक से अधिक पदों केलिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन भेजना चाहिए।
4. उम्मीदवारों को बुलावा पत्र/साक्षात्कार पत्र आदि की सूचना पाने हेतु अपनी इ-मेइल आई डी और मोबाइल नंबर सक्रिय रखने की सलाह दी जाती है।
5. लिखित परीक्षा का केंद्र, एक बार प्रस्तुत किए जाने के बाद बदला नहीं जा सकता और अत: इसे सावधानीपूर्वक चुन लिया जाना है।
6. परीक्षा केन्द्रों का आबंटन स्पाइसेस बोर्ड के निर्णयानुसार किया जाएगा बशर्तेकि संबन्धित परीक्षा केंद्र चुने हुए उम्मीदवार पर्याप्त संख्या में हों। पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार न होने पर किसी भी परीक्षा केंद्र को रद्द करने का अधिकार स्पाइसेस बोर्ड रखता है।
7. अपनी पहचान, आयु, पता, योग्यता, अनुभव, समुदाय, अपंगता श्रेणी आदि को साबित करने केलिए उम्मीदवारों को संघ चर्चाओं/ प्रस्तुतियों / साक्षात्कारों केलिए उपस्थित होते समय मूल दस्तावेज़ प्रस्तुत करनी होंगी।
8. चयन की किसी भी अवस्था में किसी उम्मीदवार के पात्रता मानदंडों को पूरा न करने और/या उसके

द्वारा किसी गलत/झूठी सूचना प्रस्तुत किए जाने या किसी वास्तविक तथ्य(तथ्यों) को छिपाने का पता लगने के मामले में उसकी उम्मीदवारी रद्द हुई मानी जाएगी। यदि इन कमियों से किसी का पता नियुक्ति के बाद में भी लग जाता है तो उसकी सेवा समाप्त की जा सकती है।

**9.** पात्रता, परीक्षा का आयोजन, विस्तृत परीक्षा, साक्षात्कार और चयन से संबन्धित सभी मामले में स्पाइसेस बोर्ड के निर्णय अंतिम होंगे और ये सभी उम्मीदवारों पर लागू होंगे। इस संबंध में बोर्ड द्वारा कोई भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**10.** इस रिक्ति अधिसूचना एवं/या इसकी प्रतिक्रिया बतौर प्राप्त आवेदन, परीक्षा , साक्षात्कार से उत्पन्न दावा या विवाद के मामले में कानूनी कार्रवाई केवल कोचिन में ही चलाई जाएगी और केवल कोचिन की अदालत में ही किसी भी मुकदमा/विवाद पर विचार करने का एकल और अनन्यतः न्यायाधिकार होगा।

**11.** किसी भी प्रकार का अनुयाचन अयोग्यता होगी।

**12.** आयु, शैक्षिक योग्यताएँ, अनुभव आदि के संबंध में आवेदकों की पात्रता 01 अक्तूबर 2015 के अनुसार निर्धारित की जाएगी। किसी भी विद्याशाखा /क्षेत्र में अनुभव की अवधि, जहां कहीं निर्धारित है, की गणना अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने की तारीख के बाद ही की जाएगी।

**13.** अगर किसी मामले में आवेदक को निर्धारित योग्यता केलिए अपेक्षित श्रेणी या % अंक या सी जी पी ए/ ओ जी पी ए नहीं है , तो (उसी विद्याशाखा पर) उच्च स्तर की योग्यता में प्राप्त श्रेणी या % अंक या सी जी पी ए/ ओ जी पी ए पर, यदि है तो, विचार किया जाएगा, अगर वह आवश्यकता की पूर्ति करती है।

**14.** आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख में बदलाव(यदि कोई है तो), लिखित परीक्षा की तिथि व स्थान और लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के परिणाम आदि से संबन्धित सूचना को बोर्ड के वेबसाइट www.indianspices.com में प्रकाशित किए जाएंगे। अधिक जानकारी एवं अद्यतन सूचना केलिए आवेदकों को नियमित रूप से www.indianspices.com देखने की सलाह दी जाती है।

**15.** सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत आवेदकों को अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना चाहिए और चयन के अंतिम दौर के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र(एन ओ सी ) प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ हुए तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

**16.** प्रत्येक वर्ग केलिए सूचित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और चयन के समय बदल सकती है। स्पाइसेस बोर्ड संघ चर्चाओं/ प्रस्तुतियों / साक्षात्कारों केलिए आवेदकों की लघुसूची बनाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**17.** जहां कहीं भी उपाधि में सी जी पी ए/ ओ जी पी ए दिए गए हैं, उम्मीदवार को चयन के अंतिम दौर के समय विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार अंकों का समान प्रतिशत सूचित करते हुए कागजात प्रस्तुत करने होंगे।

**18.** चुने गए उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

**19.** स्पाइसेस बोर्ड, यदि ज़रूरी है तो, बिना कोई सूचना जारी किए या बिना कोई सूचना/कोई कारण बताए बगैर, भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/परिवर्तित/प्रतिबंधित/विस्तारित/रद्द करने का अधिकार रखता है। मैनेजमेंट का निर्णय अंतिम होगा और इस मामले में कोई अपील स्वीकार्य नहीं होगी।

**20.** आवेदन प्रस्तुति आदि से संबन्धित सभी प्रश्नों/मामलों को इ-मेइल: sbrecruitment2015@gmail.com के ज़रिए सचिव, स्पाइसेस बोर्ड को भेजा जाना है।

**21.** वस्तुनिष्ठ प्रश्न(बहु-विकल्पीय प्रश्न) केलिए पाठ्यक्रम:

| **पद का नाम** | **परीक्षा पाठ्यक्रम/क्षेत्र** |
|---|---|
| वैज्ञानिक बी (रसायन विज्ञान) | स्ट्रक्चरल केमिस्ट्री, ऑर्गैनिक केमिस्ट्री, फिसिकल केमिस्ट्री, कोडेक्स एलिमेंटारियस कम्मीशन, मनोमितीय मूल्यांकन आदि । |
| वरिष्ठ लिपिक & कनिष्ठ लिपिक | विवेचन क्षमता और संख्यात्मक अभिरुचि, अँग्रेजी भाषा, सामान्य बोध, सामान्य ज्ञान, विंडोज़/लिनक्स ओपेरेटिंग सिस्टम,वेर्ड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रानिक वर्कशीट, इ-मेल में कंप्यूटर ज्ञान, मनोमितीय मूल्यांकन आदि । |
| वरिष्ठ सूक्ष्मजीवविज्ञानी | सूक्ष्मजीव विज्ञान /खाद्य में गुणवत्ता नियंत्रण, कोडेक्स एलिमेंटारियस कम्मीशन, विवेचन क्षमता और संख्यात्मक अभिरुचि, मनोमितीय मूल्यांकन आदि । |

**22.** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति उम्मीदवारों को आने-जाने केलिए सबसे कम दूरी के स्लीपर क्लास रेल/बस किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति उम्मीदवारों से परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने केलिए बैंक विवरण(बैंक का नाम, खाता संख्या एवं आई एफ़ एस कोड), जाति प्रमाणपत्र की स्कैन की हुई प्रति तथा टिकट की स्कैन की हुई प्रति सहित अपना यात्रा दावा sbrecruitment2015@gmail.com में इ-मेइल करने का अनुरोध किया जाता है। सचिव, मसाला बोर्ड के पते पर प्रतिपूर्ति से संबन्धित इ-मेइल भेजें। इस दावे केलिए कार्यालय को कोई हार्ड कॉपी भेजने की ज़रूरत नहीं है।

**23.** अपंगता वाले उम्मीदवारों की आरक्षित रिक्तियों केलिए नियमों के अधीन अनुमेय आरक्षण और अन्य ढील से फायदा उठाने केलिए वे ही उम्मीदवार पात्र होंगे जिनकी संगत अपंगता 40% से कम न हो।

-------------